प्रभात खबर

दिल्ली में नकली मोबाइल फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़, जानें कैसे करें असली और फर्जी फोन की पहचान

नकली स्मार्टफोन और उनके एक्सेसरीज आज के समय में एक बड़ी समस्या बन चुके हैं. ये सिर्फ आपकी जेब पर ही असर नहीं डालते, बल्कि आपकी हेल्थ और सेफ्टी के लिए भी खतरा बन सकते हैं. खासकर नकली बैटरी और चार्जर आसानी से ओवरहीट होकर गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं. ANI की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में दिल्ली पुलिस ने करोल बाग इलाके में नकली मोबाइल प्रोडक्ट्स का बड़ा रैकेट पकड़ा है. वहीं मोती नगर में Oppo, OnePlus और Realme जैसे ब्रांड्स के नकली डिवाइस बनाने वाली एक फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ हुआ है.

सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि कई बार लोग अनजाने में ही नकली गैजेट खरीद लेते हैं, क्योंकि ये असली से सस्ते दामों पर मार्केट में मिल जाते हैं. इसी वजह से जरूरी है कि आप अलर्ट रहें और जानें कि असली और नकली प्रोडक्ट की पहचान कैसे की जाए. आइए आपको इसके बारे में बताते हैं.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/technology/delhi-fake-mobile-factory-exposed-how-to-check-original-vs-fake-phone